# मध्यप्रदेश विधान सभा

## संक्षिप्त कार्य विवरण (पत्रक भाग-एक)

## मंगलवार, दिनांक 1 जुलाई, 2014 (10 आषाढ़, शक सम्वत् 1936)

**विधान सभा पूर्वाह्न 10 : 33 बजे समवेत हुई.**

**अध्यक्ष महोदय (डॉ. सीतासरन शर्मा) पीठासीन हुए.**

### 1. वर्ष 2014-15 के आय-व्ययक का उपस्थापन

श्री जयंत मलैया, वित्त मंत्री ने राज्यपाल महोदय के निर्देशानुसार, वर्ष 2014-15 के आय-व्ययक का उपस्थापन किया.

### 2. अध्यक्षीय घोषणा

**आय-व्ययक की मांगों पर कटौती प्रस्ताव एवं सामान्य चर्चा का समय नियत करने विषयक**

वित्त मंत्री का बजट भाषण पूर्ण होने के पश्चात्, अध्यक्ष महोदय द्वारा सदन में यह घोषणा की गई कि आय-व्ययक में सम्मिलित मांगों पर प्रस्तुत किये जाने वाले कटौती प्रस्तावों की सूचनाएं, निर्धारित प्रपत्र में आज दिनांक 1 जुलाई, 2014 को सायं 4.00 बजे तक विधान सभा सचिवालय में दी जा सकती हैं तथा आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा के लिए दिनांक 2, 3 एवं 4 जुलाई, 2014 का समय नियत किया गया है.

### 3. कार्यक्रमों सम्बन्धी सूचनाएं

**(1) राज्य में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के उनोन्मुखीकरण हेतु कार्य योजना का प्रस्तुतिकरण**
**(2) वार्षिक आय-व्ययक एवं बजट प्रक्रिया पर विधान सभा सदस्यों हेतु प्रबोधन कार्यक्रम**
**(3) माननीय सदस्यों हेतु स्वास्थ्य परीक्षण शिविर**

अध्यक्ष महोदय द्वारा सूचित किया गया कि – "राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन द्वारा राज्य में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के उनोन्मुखीकरण हेतु कार्य योजना का प्रस्तुतिकरण तथा मध्यप्रदेश शासन वित्त विभाग द्वारा वार्षिक आय व्ययक एवं बजट प्रक्रिया पर विधान सभा सदस्यों हेतु प्रबोधन कार्यक्रम आज अपराह्न 1.15 बजे विधान सभा भवन स्थित मानसरोवर सभागार में आयोजित किया गया है. तदुपरांत, माननीय सदस्यों के लिए दोपहर भोज का आयोजन सदन की लॉबी में किया गया है. माननीय सदस्यों से अनुरोध है कि कृपया उपर्युक्त कार्यक्रमों में उपस्थित होने का कष्ट करें."

अध्यक्ष महोदय द्वारा यह भी सूचित किया गया कि – "माननीय सदस्यों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु विधान सभा परिसर स्थित चिकित्सालय में तीन दिवसीय शिविर लगाया गया है. माननीय सदस्यों से अनुरोध है कि सुविधानुसार इसका भी लाभ लेने का कष्ट करें"

### 4. जन्मदिन की बधाई

अध्यक्ष महोदय, सर्वश्री कैलाश विजयवर्गीय, नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री तथा रामनिवास रावत, सदस्य द्वारा डॉ. गौरीशंकर शेजवार, वन मंत्री, श्री गोपाल भार्गव, पंचायत और ग्रामीण विकास मंत्री, माननीय सदस्यगण को सदन की ओर से उनके जन्मदिन की बधाई दी गई.

मध्याह्न 12.16 बजे विधान सभा की कार्यवाही बुधवार, दिनांक 2 जुलाई, 2014, (11 आषाढ़, शक सम्वत् 1936) के पूर्वाह्न 10.30 बजे तक के लिए स्थगित की गई.

**भगवानदेव ईसरानी,**
**प्रमुख सचिव,**
**मध्यप्रदेश विधान सभा**

**भोपाल:**
**दिनांक: 1 जुलाई, 2014**